INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (3rd Lang)	Month: Jan-2023
Q. Bank&Grammar	Topic: **आधा पुरस्कार**	Note: Pls. Check with your class work

अति लघु प्रश्न उत्तर

प्रश्न 1- राजा भानु प्रताप को किन दो चीजों का शौक था ?

उत्तर - राजा भानु प्रताप को इन दो चीजों का शौक था- मछली खाना और गाना सुनना |

प्रश्न 2- राजा भानु प्रताप के दरबार से रूठकर कौन चला गया था?

उत्तर - राजा भानु प्रताप के दरबार से रूठकर गायक चला गया था |

प्रश्न 3- राजा भानु प्रताप के लिए मछली पकड़कर कौन लाया था?

उत्तर- राजा भानु प्रताप के लिए मछली पकड़कर कैलाश लाया था |

प्रश्न4- कैलाश ने पुरस्कार में से कितना हिस्सा पहरेदार को देने का आश्वासन दिया ?

उत्तर- कैलाश ने पुरस्कार का आधा हिस्सा पहरेदार को देने का आश्वासन दिया था |

लघु प्रश्न उत्तर

प्रश्न 1- राज्य में गरमी पड़ने के कारण क्या हुआ ?

उत्तर - राज्य में गरमी पड़ने के कारण राजमहल के आसपास की सभी नदियाँ, झीलें और तालाब सूख गए | कुछ समय बाद राजा को भोजन में मछली मिलनी बंद हो गई |

प्रश्न 2- राजा भानु प्रताप ने सारे राज्य में क्या ऐलान करवाया ?

उत्तर- राजा भानु प्रताप ने सारे राज्य में यह ऐलान करवाया कि जो भी उसके लिए मछली लाएगा उसे मुँहमाँगा पुरस्कार दिया जाएगा |

प्रश्न 3- कैलाश की किस बात को सुनकर सभी अचंभित हो गए ?

उत्तर - "महाराज! यदि आप प्रसन्न हैं तो मुझे सौ कोड़े मारने का आदेश दीजिए|" कैलाश की इस बात को सुनकर सभी अचंभित हो गए |

प्रश्न 4- राजा के पास जाकर पहरेदार ने क्या किया ?

उत्तर- राजा के पास जाकर पहरेदार गिड़गिड़ाते हुए राजा के पैरों पर गिर पड़ा और क्षमा माँगने लगा |

दीर्घ प्रश्न उत्तर

प्रश्न 1-कैलाश ने अपने लिए पुरस्कार के रूप में सौ कोड़े खाने की प्रार्थना क्यों की?

उत्तर- कैलाश ने अपने लिए पुरस्कार के रूप में सौ कोड़े खाने की प्रार्थना की क्योंकि वह पहरेदार का सच सबके सामने लाना चाहता था | जब राजा भानु प्रताप ने पुरस्कार की घोषणा की तब वह मछली पकड़कर राजा के पास पहुँचाना चाहता था लेकिन पहरेदार ने उसे रोक दिया था और आधा पुरस्कार के लालच में उसने महल में जाने दिया |

इस अपराध के लिए उसे सज़ा ज़रूरी थी |

प्रश्न 2- कैलाश का चरित्र-चित्रण कीजिए |

उत्तर- कैलाश राजा भानु प्रताप के राज्य में समुद्र के किनारे बसे एक गाँव में रहता था| वह बहुत अच्छा गायक था| वह एक बुद्धिमान और कुशल मछुआरा भी था| उसकी बुद्धिमानी से प्रसन्न होकर राजा ने उसे अपना मंत्री बना लिया |

कारक, सर्वनाम, भाववाचक संज्ञा

प्र1 - दिए गए वाक्यों में कारक रेखांकित कीजिए|

1. राम ने पुस्तक पढ़ी।
2. गोपाल ने राधा को बुलाया।
3. माँ बच्चे को सुला रही है।
4. बच्चा बोतल से दूध पीता है।
5. वे मोहन के लिए उपहार लाये हैं।
6. हाथ से छड़ी गिर गई।
7. गंगा हिमालय से निकलती है।
8. आसमान से बूँदें गिरी।
9. सेना के जवान आ रहे हैं।
10. यह सुरेश का भाई है।
11. यह सुनील की किताब है।
12. कुर्सी आँगन में रख दो।
13. रमा ने पुस्तक मेज पर रखी।
14. हे ईश्वर! रक्षा करो।
15. अरे भाई! यहाँ आओ।

प्र 2- दिए गए वाक्यों में सर्वनाम रेखांकित कीजिए|

1. मैंने खाना खा लिया।
2. मैं खाना खा रहा हूँ।
3. तुम पढ़ लो, फिर चलेंगे।
4. तुम्हारे पिताजी आ रहे हैं।
5. यह रमेश का भाई है।
6. वह तो अब तक चला गया होगा।
7. यह आयुष का घर है।
8. कोई गा रहा है।
9. वह कुछ लाया है।

10. <u>जिसने</u> भलाई का कार्य किया है, <u>उसे</u> पुरस्कार मिलेगा।
11. <u>जिसकी</u> लाठी <u>उसकी</u> भैंस।
12. <u>वह</u> <u>किसकी</u> किताब है?
13. पिताजी ने <u>क्या</u> कहा?
14. <u>मैं</u> <u>अपना</u> काम <u>स्वयं</u> कर लूँगा।
15. <u>वह</u> <u>अपना</u> कार्य कर रहा है।

प्र 3- दिए गए शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए |

1. शत्रु - शत्रुता
2. सेवक - सेवा
3. अध्यापक - अध्यापन
4. भाई - भाईचारा
5. अपना - अपनापन
6. अच्छा - अच्छाई
7. कायर - कायरता
8. बड़ा - बड़प्पन
9. ऊँचा - ऊँचाई
10. बूढ़ा - बुढ़ापा
11. लालची - लालच
12. एक - एकता
13. अमीर अमीरी
14. रोना - रुलाई
15. हँसना - हँसी

---000 ---